विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2022/10882 दिनांक : 08.11.2022

–:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त जिलों के महाविद्यालयों में सत्र 2021–2022 की **वार्षिक पद्धति** नई शिक्षा नीति के साथ बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.बी.ए./बी.सी.ए./बी.एच.एससी. **प्रथम वर्ष एवं द्वितीय , तृतीय वर्ष** के बी.ए, बी.कॉम, बी.एससी.के नियमित/स्वाध्यायी एवं बी.एच.एससी, बी.कॉम आनर्स, बी.बी.ए.एवं बी.सी.ए. के विद्यार्थियों की वार्षिक प्रणाली की परीक्षा में महाविद्यालयों के **ऐसे विद्यार्थी जो एन.सी.सी./एन.एस.एस./ खैलकूद शासन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम /शिविर एवं अन्य विशेष कारणों सें परीक्षा में भाग लेने से वंचित विद्यार्थी के लिये विशेष परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने है साथ ही नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2021–2022 में जिन विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया किन्तु किसी कारण से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए है उनके लिय राज्य शासन के निर्देश पर विशेष परीक्षा आयोजित की जाना है ऐसे समस्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकेगें । आवेदन की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है :–**

(1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र**

"दिनांक 09 नवम्बर, 2022 से 15 नवम्बर, 2022 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

"दिनांक 16 नवम्बर, 2022 से 17 नवम्बर, 2022 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

"दिनांक 18 नवम्बर, 2022

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

"दिनांक 19 नवम्बर, 2022 से परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक"

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा–निर्देश :–

01) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिंस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

02) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/– प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 10/– प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

निरंतर

Scanned with OKEN Scanner

03) विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 100/– तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 75/– संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे।

04) परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।

05) संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात **तीन (03) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/– (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

आदेशानुसार

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

क्रमांक/परीक्षा/2022/10883 **दिनांक : 08.11.2022**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक/विभागाध्यक्ष संबंधित संस्थान/ उज्जैन की ओर भेजकर निवेदनहैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/ अध्ययनशाला के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)

Scanned with OKEN Scanner